''वी.यू. अंर्तगत 8 जुलाई 2023 में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की प्लेटीनम जयंती के आयोजन हेतु बैठक''

जबलपुर। आज दिनांक 7 सितम्बर 2020 को माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, यशस्वी कुलपति, ना.दे.प.चि. वि.वि., जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिप्रेरणा से 8 जुलाई 2023 को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर **''वृहद प्लेटीनम जयंती''** के आयोजन संबंधी बैठक का आयोजन सभागार, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में किया गया। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान वि. वि. अंर्तगत संचालित व 8 जुलाई 1948 को स्थापित भारतवर्ष के सबसे प्रख्यात एवं पुराने इस महाविद्यालय के वर्षगांठ को वि.वि. प्रशासन द्वारा **''प्लेटीनम जयंती महोत्सव''** के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है, इसी तारतम्य में यशस्वी, ऊर्जावान एवं माननीय कुलपति महोदय जी ने आज से इसकी तैयारियों के संबंध में प्रथम बैठक में जो निर्णय लिये गये उनमें: प्लेटीनम जयंती महोत्सव संबंधी आयोजन हेतु डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय के निर्देशन में विभिन्न समितियों का गठन, दिनांक 8 जुलाई 2022 से 8 जुलाई 2023 तक महाविद्यालय का प्लेटीनम जयंती वर्ष की घोषणा, महोत्सव के भव्य प्रचार–प्रसार में सभी अधिकारियों को इस आयोजन को भव्यता प्रदान किये जाने के दिशा–निर्देश, बैठक में इस आयोजन हेतु धन राशि संग्रह पर भी विचार मंथन किया गया, जिसमें जयंती ग्रांट की मांग म.प्र. शासन, भा.कृ.अनु.परिषद्, नई दिल्ली, केन्द्र सरकार के साथ–साथ विभिन्न फंडिग एजेंसियों से भी की जायेगी। पूरे एक वर्ष तक विभिन्न आयोजन जैसे: राष्ट्रीय स्तर पर कृषकों व पशुपालकों के हितार्थ पशु मेला, खेल कूद, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय–अंर्तराष्ट्रीय स्तर के सेमीनार, संगोष्ठीयों एवं संवादों के आयोजन के साथ ख्यातिविद वी.यू. के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह होगा आदि कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे।

द्वितीय बैठक में माननीय कुलपति महोदय जी ने वि.वि. के कर्मचारी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वि.वि. एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सहभागिता निभाई। इसी संबंध में कर्मचारियों द्वारा 18 सूत्रीय समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौपा, जिस पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा हुई एवं इस संबंध में माननीय कुलपति जी ने वि.वि. व महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को समस्याओं के निवारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इन बैठकों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव–डॉ. विनोद वाजपेयी, लेखानियंत्रक–श्री अजय सिंह ठाकुर, अधिष्ठाता संकाय–डॉ. आर.पी.एस. बघेल, संचालक अनुसंधान सेवायें–डॉ. मधु स्वामी, संचालक शिक्षण–डॉ. एस.के. जोशी, अधिष्ठाता–डॉ. राजेश शर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी–डॉ. अनिल कुमार गौर, संचालक पॉलीटेक्निक–डॉ. अकलंक जैन, संचालक प्रक्षेत्र–डॉ.जी.पी.लखानी, परीक्षा नियंत्रक–डॉ. जी. दास, अधिष्ठाता छात्र कल्याण–डॉ. आदित्य मिश्रा, प्रभारी मत्स्य पालन प्रक्षेत्र–डॉ. एस.के. महाजन एवं कुलपति के निज सचिव रौनक मिश्रा सहित विभागों के प्रमुख अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)